हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, बुधवार 2 अक्टूबर 2024



# नवरात्रि पर नौ सौ जवान सहित दर्जनभर अधिकारी सम्हालेंगे सुरक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

क्वांर नवरात्रि पर्व को लेकर मां बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ में व्यापक तैयारियां की जा रही है। यहां पर्व के दौरान बड़ी संख्या में पहुंचने वाले दर्शनार्थियों की सुविधा एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस अलर्ट है। पूरे पर्व के दौरान नौ सौ से अधिक पुलिस जवान सहित दर्जनभर से अधिक अधिकारी सुरक्षा व्यवस्था सम्हालेंगे।

ज्ञात हो कि 3 अक्टूबर से शक्ति की देवी मां दुर्गा की आराधना का पर्व क्वांर नवरात्र प्रारंभ हो रहा है, जिसे लेकर मंदिरों एवं पूजा पंडालों में व्यापक तैयारियां की जा रही है। जिले के प्रसिद्ध मां बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ में इस मौके पर बड़ी संख्या में भक्तों की उपस्थिति होने की संभावना है, जिसे लेकर जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही है। जिससे दर्शनार्थियों को किसी प्रकार की परेशानियों का सामना ना करना पड़े।

## डोंगरगढ़ में क्वांर नवरात्रि पर्व को लेकर व्यापक तैयारी, भक्तों की उमड़ेगी भीड़

### चप्पे-चप्पे पर रहेगी पुलिस की नजर

क्वांर नवरात्र पर्व पर मां बम्लेश्वरी मंदिर परिसर सहित डोंगरगढ़ में दर्शनार्थियों की सुरक्षा व्यवस्था हेतु पुलिस ने व्यापक तैयारी की है। डोंगरगढ़ में चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल दिन-रात डयूटी पर तैनात रहेंगे। मिली जानकारी के मुताबिक नवरात्र पर्व पर डोंगरगढ़ में लगभग एसपी रेंक के एक अधिकारी, एएसपी 5, डीएसपी 15 एवं 900 पुलिस जवानों की तैनाती की जाएगी। पुलिस मां बम्लेश्वरी मंदिर, मेला स्थल सहित आसपास के इलाकों में लगातार पेट्रोलिंग पर भी रहेगी। इस दौरान असामाजिक तत्वों पर भी नजर रखी जाएगी।





### रहेगा मेला का माहौल

क्वांर नवरात्र पर्व पर डोंगरगढ़ एवं डोंगरगढ़ पहुंच ग्रामीण मार्गों में मेला का माहौल बना रहेगा। दिन-रात दर्शनर्थियों का आवागमन बने रहने से चहल-पहल की स्थिति निर्मित रहेगी। वहीं भक्तिमय माहौल रहेगा। इस अवसर पर जहां कई श्रद्धालु विभिन्न साधनों से डोंगरगढ़ पहुंचेंगे। वहीं कई भक्त पदयात्रा करते देवी मां के दर्शन हेतु डोंगरगढ़ पहुंचेंगे।

### स्टेशन में व्यवस्था हेतु मॉकड्रील

पर्व के दौरान डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन में बड़ी संख्या में दर्शनार्थियों का आवागमन होने की स्थिति को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था हेतु आपातकालीन स्थिति व भीड़ को नियंत्रण करने रिहर्सल किया गया। 30 सितंबर को एसडीएम मनोज मरकाम, एसडीओपी आशीष कुंजाम एवं थाना प्रभारी डोंगरगढ़ जितेन्द्र वर्मा द्वारा रेलवे स्टेशन डोंगरगढ़ में आरपीएफ, जीआरपीएफ, स्टेशन मास्टर एवं रेलवे विभाग के अन्य अधिकारी-कर्मचारी के साथ क्वांर नवारात्रि पर्व को लेकर आपातकालीन स्थिति व भीड़ को नियत्रंण करने का मॉकड्रील कर समन्वय स्थापित कर स्टेशन में भीड़ होने की स्थिति में भीड़ को कैसे नियंत्रण करना है एवं जेब कतरों, चैन स्केचनरों व अन्य संदिग्धों पर विशेष निगरानी रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। पर्व पर स्टेशन में लगभग 100 से 150 आरपीएफ, जीआरपी ड्यूटी पर तैनात रहेंगे।

### सामान्य सभा के दूसरे दिन समापन, एक को छोड़ बाकी सभी विषय पास

# मेयर देशमुख ने महिला पार्षद को बोला पागल! विपक्ष ने विरोध में किया हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर निगम में 11 विषयों को लेकर आयोजित की गई सामान्य सभा की बैठक में प्रथम दिन रात 9.15 बजे तक नामकरण के महज चार विषयों में ही चर्चा हो पाई। इसके बाद अध्यक्ष ने सदन दूसरे दिन के लिए स्थगित कर दिया। आज सुबह 10.30 बजे निगम में सदन की कार्रवाई दोबारा शुरू हुई और दूसरे दिन का पहला विषय स्वर्ग रथ का शुल्क निर्धारण किए जाने को लेकर रखा गया था। विषय का पठन होने के बाद सदस्यों ने इस पर अपने विचार रखना शुरू किया।

इसी दौरान एमआईसी द्वारा 251 रुपए स्वर्ग रथ के शुल्क के को लेकर विपक्ष ने सत्ता पक्ष को घेरा और इसी बीच महापौर द्वारा पार्षद मणिभास्कर गुप्ता को पागल संबोधित किए जाने का मामला सदन में गरमा गया। इस मुद्दे पर विपक्षी पार्षद सदन के बीच ही धरना देने बैठ गए। इस दौरान नगर निगम अध्यक्ष हरिनारायण धकेता ने 15 मिनट के लिए सदन स्थगित कर दिया। इसके बाद महापौर द्वारा इस पर पार्षद से खेद प्रकट कर क्षमा मांगा गया, तब सदन की कार्रवाई दोबारा शुरू हो सकी।

### दूसरे दिन रखे गए 7 विषय

स्वर्ग रथ का शुल्क निर्धारण, फ्लाई ओवर के नीचे पार्किंग व्यवस्था, सामाजिक सुरक्षा पेंशन के आवेदनों की स्वीकृति, जाति प्रमाण पत्र, हाट बाजार व्यावसायिक परिसर सहित स्टेशन रोड की दुकानों के संदर्भ में लाए गए थे।

## 11 विषयों को लेकर दो दिन चली नगर निगम में सामान्य सभा की बैठक





### स्वर्ग रथ का निःशुल्क संचालन

वहीं इस पूरे विवाद के मामले को लेकर महापौर हेमा देशमुख ने कहा कि 4 साल हमने स्वर्ग रथ को निःशुल्क चलाया है। अब वाहन के मेंटेनेंस और ड्राइवर के खर्च को लेकर सदन में 251 रुपए शुल्क लगाए जाने पर चर्चा हेतु विषय रखा गया था। महापौर ने कहा कि दोनों ही दल के लोगों ने इसके निःशुल्क संचालन की बात कही है। उन्होंने विपक्ष पर आरोप लगाते कहा कि विपक्ष श्रेय लेने का कार्य कर रही है। वहीं पार्षद को पागल कहे जाने के मामले को लेकर उन्होंने कहा कि पार्षद द्वारा गरिमाहीन शब्दों का उपयोग किया जा रहा था, जिन्हें पागल जैसी हरकत नहीं करने समझाईश दी थी।

### सदन में पार्षद का अपमान

महापौर द्वारा पागल संबोधित किए जाने के बाद धरने पर बैठी पार्षद मणिभास्कर गुप्ता ने कहा कि शव वाहन स्वर्ग रथ के शुल्क निर्धारण विषय पर वह अपनी बात रख रही थी, तभी महापौर ने उन्हें पागल कहा है। पार्षद ने कहा कि यह उनकी मानसिकता को दर्शाता है। सदन में पार्षद का अपमान वार्ड की जनता का अपमान है।

### शव यात्रा में भी शुल्क का आरोप

स्वर्ग रथ के शुल्क निर्धारण एवं चर्चा उपरांत निर्णय विषय पर सदन गरमाया रहा। यहां सत्ता पक्ष पर और विपक्ष एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप करते रहे। इस विषय पर चर्चा के दौरान महापौर द्वारा पार्षद को पागल कहने का मुद्दा भी हावी रहा। स्वर्ग रथ के निःशुल्क निर्धारण की बात कहते नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु ने कहा कि सामान्य सभा में स्वर्ग रथ के संबंध में ऐसा विषय लाया गया। जिसमें महापौर परिषद के लोग चाहते थे कि अंतिम संस्कार के लिए वाहन का शुल्क 251 रुपए लिया जाए। उन्होंने आरोप लगाते कहा कि ये 5 साल कमीशन खाते रहे। उन्होंने कहा कि भाजपा पार्षद दल ने स्वर्ग रथ का निःशुल्क संचालन करने कहा है। वहीं उन्होंने पार्षद को पागल कहे जाने के मामले को लेकर इसे महापौर का अहंकार बताया है।

### एक विषय एमआईसी को वापस

सामान्य सभा में विषय क्रमांक 7 मिशन क्लीन सिटी परियोजना अंतर्गत उपभोक्ता शुल्क की वसूली संपत्ति कर एवं समेकित कर के साथ जोड़कर किए जाने के संबंध मे विचारार्थ एवं चर्चा उपरांत निर्णय का पठन नहीं किया गया और इस विषय को एमआईसी को वापस भेजा गया।

### छह विषयों पर हुई चर्चा

सामान्य सभा में 11 विषय में से 4 विषय पर सोमवार को और 6 विषय पर मंगलवार को सदन में चर्चा हुई। इस दौरान सभी विषय सदन में पारित हो गए। हालांकि कुछ विषयों को लेकर विपक्ष ने नाराजगी जाहिर की और महापौर हेमा देशमुख पर श्रेय लेने का आरोप लगाया।

# महतारी योजना से वंचित महिलाओं ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले के डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम भंडारपुर की महिलाओं ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन देकर महतारी वंदन योजना से गांव की कई महिलाओं के वंचित होने की जानकारी देते योजना के लाभ से छूटी महिलाओं का नाम जोड़ने की मांग की है। जिले के ग्राम भंडारपुर से महतारी वंदन योजना का लाभ दिलाने की मांग लेकर पहुंची महिलाओं ने कहा है कि भंडारपुर की करीब 85 महिलाओं का आवेदन ऑनलाइन नहीं होने के कारण उनका नाम योजना से छूट गया है। स्थानीय स्तर पर नाम जोड़ाने का काफी प्रयास किया गया, लेकिन महिलाओं का नाम नहीं जुड़ पाया है और सभी महिलाएं शासन की इस कल्याणकारी योजना के लाभ से वंचित हो रही है।

**आवेदन नहीं हो पाए ऑनलाइन**

कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंची चितरेखाबाई सिन्हा ने बताया कि लगभग 85 महिलाएं अपने आवेदन लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के समक्ष आवेदन प्रस्तुत की थी, परन्तु आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा उक्त आवेदन को ऑनलाइन नहीं कर पाने के कारण हितग्राहियों को महतारी वंदना का लाभ प्राप्त नहीं हो रहा है।कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंची महिलाओं ने कहा कि महतारी वंदन में फार्म ऑनलाइन नहीं होने से शासन द्वारा दिए जा रहे लाभ से उन्हें वंचित होना पड़ रहा है। उन्होंने छूटे हितग्राहियों का नाम जोड़कर लाभ दिलाने की मांग की है।

हाथी पांव
पैर में सूजन (हाथी पांव)
जैनाईटल फाईलेरियेसिस (जननांगों में सूजन)
DR. NIRVED JAIN (PLASTIC SURGEON)
जीवन हॉस्पिटल
न्यू शांति नगर, गली नं. 04, रायपुर (छ.ग.)
7400558800

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
बनी रहे मुस्कान
कटे होंठ व तालु का निःशुल्क ईलाज स्माइल ट्रेन के सौजन्य से
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

(NABH से मान्यता प्राप्त) सुयश हॉस्पिटल
ट्रॉमा केयर यूनिट
पॉली ट्रॉमा
मिनिमली इन्वेसिव ट्रॉमा सर्जरी
कूल्हे एवं कमर के फ्रेक्चर
पुराने ना जुड़े/टेढ़े-मेढ़े जुड़े फ्रेक्चर
हड्डियों से मवाद रिसना
ICU एवं क्रिटिकल केयर टीम की सेवा सहित
24 Hours Helpline 9926386660
कोटा-गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

मधुमेह का सर्वोत्तम संस्थान
लाइफवर्थ हॉस्पीटल
समता कालोनी, रायपुर
हाई ब्लड शुगर का निदान
हाई बी.पी., बच्चों में मधुमेह
मधुमेह और मोटापा
थायराइड और मधुमेह
आँखों में धुंधलापन
पैर में घाव, नसों मे दर्द
समस्त खून जाँच, ईसीजी, ईको की सुविधा
88395 28080, 98261 31347
74404 95504
Ajay 9827144371

# नाबालिग से दुष्कर्म, सक्ती जिले से आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

नाबालिग को बहला-फुसला कर अपने साथ ले जाने एवं दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार खैरागढ़ थाना में प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराया है कि 1 जुलाई को उसकी नाबालिग बहन घर से स्कूल जा रही हूं, कहकर निकली है। पता तलाश करने पर नहीं मिली है, जिसे कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर भगाकर कहीं ले गया है, की रिपोर्ट पर थाना खैरागढ़ में धारा 137(2) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था।

**सक्ति में मिली नाबालिग**

इस मामले में वरिष्ठ अधिकारी के मार्गदर्शन में नाबालिग बालिका की लगातार पता तलाश किया जा रहा था। विवेचना दौरान सूत्र सूचना के आधार पर निरीक्षक जितेन्द्र बंजारे थाना प्रभारी खैरागढ़ के नेतृत्व में विशेष टीम द्वारा 30 सितंबर को अवयस्क पीड़िता को आरोपी सोहनलाल यादव के कब्जे से बेनीपाली जिला सक्ति से बरामद किया गया। तत्पश्चात बालिका का महिला पुलिस अधिकारी से बयान कराया गया। अवयस्क बालिका के अनुसार आरोपी सोहन यादव द्वारा पीड़िता को शादी करने का झांसा देकर बहला-फुसलाकर ले जाकर दुष्कर्म करने की पुष्टि होने पर मामले में धारा 96, 65(1), 64 (2) (ढ) बीएनएस धारा 04, 06 पॉक्सो एक्ट 2012 जोड़ी गई। आरोपी को हिरासत में लेकर घटना के बारे में पूछताछ किया गया, जिस पर आरोपी ने अपना जुर्म करना स्वीकार किया। आरोपी सोहनलाल यादव पिता बुटूराम 26 वर्ष निवासी बेनीपाली थाना डभरा जिला सक्ति को विधिवत गिरफ्तार कर 1 अक्टूबर को माननीय अपर सत्र न्यायालय खैरागढ़ में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

### ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या

**राजनांदगांव।** शहर के मोतीपुर इलाके में रेलवे लाइन पर एक व्यक्ति ने ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। मृतक ने सुसाइड नोट भी लिखा है। घटना की सूचना पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत आज दोपहर मोतीपुर इलाके के रेलवे लाइन में एक व्यक्ति ने ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। बताया गया कि मृतक ने सुसाइड नोट भी लिखा है। पुलिस के अनुसार मृतक की शिनाख्ति भरत लाल वर्मा 55 वर्ष ग्राम दिलीपपुर खैरागढ़ के रूप में की गई है। कोतवाली पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

# जांच नहीं, ग्रामीणों ने जड़ा पंचायत में ताला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले के ग्राम खैरझिटी में पंचायत द्वारा किए गए विभिन्न कार्यों में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया गया है और इन आरोपों की जांच की मांग की गई है, लेकिन जांच को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा गंभीरता नहीं दिखाए जाने के मामले के चलते आज ग्रामीणों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए ग्राम पंचायत भवन में ताला लगा दिया।

ग्राम खैरझिटी के पुरुषोत्तम साहू और ग्राम पटेल मानदास साहू का कहना है कि गांव में निर्माण कार्य के नाम पर जमकर भ्रष्टाचार हुआ है। जिससे सरपंच, सचिव, पटवारी और इंजीनियर संलिप्त हैं। इन सबके खिलाफ कलेक्टोरेट कार्यालय में आवेदन देकर निर्माण कार्यों की जांच की मांग की गई थी, लेकिन बीते दिनों जांच के नाम पर ग्रामीणों को गुमराह कर दिया गया। अधिकारी जांच पर नहीं आए। वहीं आज लिखित में दोपहर 01 बजे जांच में आने की बात कही गई थी, लेकिन ग्रामीण इंतजार करते रहे और अधिकारी जांच के लिए नहीं पहुंचे। ग्रामीणों ने पंचायत भवन में ताला लगा दिया और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। ग्रामीणों ने प्रशासनिक अधिकारियों पर भ्रष्टाचारियों को बचाने का भी आरोप लगाया है।

### चक्काजाम की चेतावनी

ग्राम पंचायत क्षेत्र में निर्माण कार्य में किए गए भ्रष्टाचार की शिकायत को लेकर कार्रवाई नहीं होने से नाराज ग्रामीणों ने प्रशासन को जांच के लिए तीन दिन का समय दिया है और मामले के निष्पक्ष जांच नहीं किए जाने पर पंचायत भवन के सामने सभी गांव वालों द्वारा चक्काजाम किए जाने की चेतावनी दी है।

समदा सुपरस्पेशलिटी अस्पताल
NABH मान्यता प्राप्त
डॉ. मिताली दुवानी
M.B.B.S., M.S., D.N.B. Obs & Gynec.
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
उपलब्ध सुविधाएं
गर्भावस्था संबंधित जांच एवं परामर्श
पीसीओडी उपचार
बांझपन का इलाज
बच्चेदानी में फाइब्रॉएड का इलाज और ऑपरेशन
कैंसर स्क्रीनिंग एवं एचपीवी टीकाकरण की सुविधा
आयुष्मान कार्ड से इलाज की सुविधा
- अपॉईंटमेंट हेतु संपर्क करें - 077443 86654
परामर्श समय :- दोपहर 12 से शाम 6 बजे तक
बसंतपुर, महामाया चौक, VIP रोड राजनांदगांव (छ.ग.)

संजीवनी नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
न्यूरोलॉजी विभाग
डॉ. घनश्याम बिसेन सासापारधी
MBBS, MS, Mch, NEUROSURGERY (PGI Chandigarh)
सिर दर्द (माईग्रेन)
मिर्गी
लकवा
ब्रेन ट्यूमर
ब्रेन हेमरेज
साइटिका (कमर दर्द)
हृदय रोग विभाग
Dr. Zahid Khan
MBBS, MD, DM Cardiologist
एंजियोग्राफी
एंजियोप्लास्टी
पेसमेकर
24x7 DM कार्डियोलॉजिस्ट उपलब्ध
24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 8,500/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
14 अक्टूबर से 20 अक्टूबर 2024 तक, 23 दिसंबर से 29 दिसंबर 2024, 02 मई से 08 मई 2025
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि : स्लीपर 8,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-73544-11411

# क्वांर नवरात्रि पर्व कल से, मूर्तियों को रंग रूप देने जुटे मूर्तिकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

आगामी 3 अक्टूबर से क्वांर नवरात्र पर्व श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाएगा। पहले दिन देवी मंदिरों में ज्योति कलश की स्थापना करने के साथ शहर सहित अंचल में दुर्गा प्रतिमा स्थापित किया जाएगा। नगर के मुर्तिकार इन दिनों दुर्गा, सरस्वती और गणपति की प्रतिमा को अंतिम रूप देने में दिनरात जुटे हैं।

जानकारी के अनुसार नगर में करीब एक दर्जन मूर्तिकार है जो सालों से मूर्ति बनाकर जीवन यापन कर रहे है। नगर के प्रसिद्ध मूर्तिकार पलटन की तीसरी पीढ़ी बिना किसी ट्रेनिग के मूर्ति बनाने में जुटी है। वहीं नगर में कई ऐसे मूर्तिकार है जिनके बुजुर्ग मूर्तियां बनाया करते थे अब अन्य सदस्य इस कला को आगे बढ़ा रहे हैं। जानकारी के अनुसार नगर के मूर्तिकार इन दिनों छोटी बड़ी करीब 200 मूर्तियों में जान डालने जुटे हैं।

## मूर्तियां बनाने में जुटी है नई और पुरानी पीढ़ी

### आकार लेने लगे सुंदर दीपक

नगर के कुंभकार गणेश विसर्जन के बाद से दुर्गा, सरस्वती और गणपति की मूर्ति बनाने जुटे हुए हैं। वहीं कई परिवार ज्योति कलश के अलावा दिया बनाने जुटे हैं। दिया बनाने का कार्य दीवाली तक जारी रहेगा। सोनऊ कुंभकार का परिवार दीपावली के पूर्व मां लक्ष्मी, भगवान गणेश की प्रतिमाओं के साथ घरों को रोशन करने वाले मिट्टी के दीपक बनाने जुटे हैं। नगर के मुर्तिकार मूर्तियों के अलावा आकर्षक सुराही, थरमस, मटका, दही कुंडी, नारियल दिया, कछुआ दिया, घंटी, कंडील, गुलदस्ता आदि भी बनाते हैं। यहां बने सामानों की मांग रायपुर, राजनांदगांव, दुर्ग, भिलाई, गरियाबंद, मध्यप्रदेश, राजस्थान के शहरों तक रहती है।



### कागजों में दफन ग्लेजी यूनिट

कुंभकारों की कला को निखारने और उन्हे आधुनिक मशीन उपलब्ध कराने के लिए तत्कालीन मुख्यमंत्री डां. रमन सिंह ने लाखों की मंजूरी दी थी। जिला प्रशासन ने यूनिट की स्थापना के लिए जमीन भी आबंटित कर दिया था, किन्तु सालों बाद भी ग्लेजी यूनिट की स्थापना नहीं हो सकी है। आबंटित जमीन पर गार्डन बना दिया गया है। यूनिट स्थापना के लिए कालेज के पास जिस जमीन का चिन्हाकन किया गया है वह भी अतिक्रमण की भेंट चढ़ने लगी है।

### प्रशासन ने किया मार्क ड्रील

**डोंगरगढ़।** क्वांर नवरात्रि पर्व आगामी 3 अक्टूबर से प्रारंभ हो रहा है। पर्व के दौरान माँ बम्लेश्वरी मंदिर में देश- विदेश के श्रद्धालु ज्योति कलश स्थापना करते है । यहां नौ दिन तक मेला का आयोजन होता है जिसमें दर्शनार्थी शामिल होते हैं। यहां आने वालों में सर्वाधिक लोग ट्रेन से आते है जिसे देखते हुए एसडीएम मनोज मरकाम, एसडीओपी आशीष कुंजाम, थाना प्रभारी जितेन्द्र वर्मा ने रेलवे स्टेशन में आरपीएफए, जीआरपीएफए, स्टेशन मास्टर एवं रेलवे विभाग के अन्य अधिकारी कर्मचारी के साथ आपातकालीन स्थिति में भीड़ को नियंत्रित करने मार्क ड्रील किया। भीड़ को नियंत्रित करने, जेब कतरों, चैन स्केचनरों आदि पर निगरानी रखने के निर्देश दिया गया।

### मेला में तैनात रहेंगे जवान



क्वांर नवरात्र को लेकर लगभग सभी तैयारी पूरी हो गई है। नवरात्र मेला में करीब एक हजार जवान सुरक्षा में तैनात रहेंगे। शांति व्यवस्था को लेकर शांति समिति की बैठक थाना परिसर में हुई। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी मनोज मरकाम, एसडीओपी आशीष कुंजाम, थाना प्रभारी जितेंद्र वर्मा, पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, मां बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, अमित जैन, विजय राज सिंह, अमित छाबड़ा, परविंदर मोंटी, हरिश भंडारी, सुमित मिश्रा उपस्थित थे। बैठक में मां बम्लेश्वरी के नाम से पार्किंग स्थल नहीं रखने और अधिक शुल्क लेने, दर्शनार्थियों से दुर्व्यवहार करने की शिकायत पर कार्यवाही का निर्णय लिया गया।

## खबर संक्षेप

### नीरज विद्या मंदिर में स्वच्छता कैंपेन

**डोंगरगांव।** नीरज विद्या मंदिर मोहड़ में स्वच्छता कैंपेन का आयोजन किया गया।



प्राचार्य अंजुम जहान ने प्रार्थना सभा के दौरान छात्र-छात्राओं को स्वच्छता संबंधी जानकारियां देकर आस-पास के परिवेश को साफ़ रखने प्रोत्साहित किया। खेल शिक्षक एलआर कदम के नेतृत्त्व में बच्चों ने कूड़ा करकट साफ किया। आवश्यक दवाओं का छिडकाव किया गया।

### अहिंसा दिवस आज

**डोंगरगढ़।** छत्तीसगढ़ के प्रथम नवोदित श्री दिगम्बर जैन चंद्रगिरी अतिशय तीर्थ क्षेत्र में कल 2 अक्टूबर को सामूहिक क्षमावाणी पर्व एवं अहिंसा दिवस मनाया जाएगा। दोपहर बजे आचार्य श्री के समाधि स्थल पर आचार्य भगवन की पूजा की जाएगी। अपरान्ह 3 बजे से प्रतिभास्थली ज्ञानोदय विद्यापीठ की बालिकाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं विद्यागुरु संस्मरण सभा का आयोजन किया जाएगा। शाम 4 बजे से सामूहिक क्षमा याचना पर्व मनाया जाएगा।

### एनएसएस ने किया श्रमदान

**ठेलकाडीह।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत नवीन महाविद्यालय की रासेयो के स्वयंसेवकों ने विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया।



एक अक्टूबर को स्वच्छता पखवाड़ा के समापन दिवस नी सभा का आयोजन हुआ। सभा में प्राचार्य एके श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को स्वच्छता शपथ दिलाई। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को टोपी, पेन, डायरी एवं दस्तानों का वितरण किया गया। छात्र-छात्राओं ने रैली निकाल कर बस स्टैण्ड, मिनीमाता चौक में सफाई किया। इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक डॉ. एलसी सिन्हा, सीएस राठौर, विनय मसियारे, डीके साहू, रेणुका कुंजाम, बेनविक्रम बर्मन, रेणुका सिन्हा, हेमंत जांगड़े, प्राची अम्बादे आदि मौजूद थे।

### सरपंच पर हेराफेरी का आरोप

**मुढीपार।** ग्राम पंचायत दैहान के पंच हरिश्चंद्र, भुवनेश्वर प्रसाद, गायत्री वर्मा, बेलसियाबाई, लोचन साहू, मोहनीबाई, पिंकीबाई, लताबाई, डोमनलाल, फागूराम सहित अन्य ग्रामीणों ने सरपंच की कार्यप्रणाली से नाराज होकर जिलाधीश से शिकायत की है। ग्रामवासियों ने शिकायत में बताया कि महिला सरपंच होने के कारण उसके पति पंचायत के सभी कार्य देखते हैं। विकास कार्यों में हेराफेरी एवं मनमानी किया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि निर्माण कार्य की राशि आहरण करने के बाद भी कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है। उन्होंने दैहान एवं परसबोड में हुए निर्माण की जांच कराने की मांग की है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि 14- 15 वे वित्त तथा मूलभूत की राशि का दुरुपयोग किया जा रहा है।

## शिक्षक संघर्ष मोर्चा आज करेगा पदयात्रा

# लागू करो मोदी की गारंटी

### पांच सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपेंगे ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा कल दो अक्टूबर को मोदी की गारंटी लागू करने की मांग को लेकर पदयात्रा निकालकर ज्ञापन सौंपेगा। मोर्चा ने पांच सूत्रीय मांग को लेकर यह आयोजन किया है।

मोर्चा के जिला संचालक श्री हरि, बाबूलाल लाडे, ललिता कन्नौजे, रमेश सोनी, मनोज देशमुख, भेषराम रावटे, रूपेंद्र नंदे, राममणि द्विवेदी, बंशी विनायक, सत्यवान वाकडे, सुधन सिंह कोरेटी, चेतन भुवार्य, रविंद्र रामटेके, हिमेश्वरी देवांगन, विरेंद्रपाल लाडेश्वर, किशोर देवांगन, संजय देवांगन, दिवाकर बोरकर, सरोज साहु, दिलीप धनकर, जीवन नेताम, निर्मला कसारे, दिनेश उसेण्डी, देवशंकर तारम, अंगद सलामे, गुलाब सिन्हा ने बताया कि प्रदेश संयोजक संजय शर्मा, मनीष मिश्रा, विकास राजपूत ,वीरेंद्र दुबे ने 2 अक्टूबर को मोदी की गारंटी लागू करने सत्याग्रह, पदयात्रा करने का आव्हान किया है। इस दौरान शिक्षक अपना अधिकार मांगेंगे तथा पांच सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौपेंगे।

- अगले दो महिने तक होगा प्रदर्शन



### विभिन्न चरणों में होगा आंदोलन

जानकारी के अनुसार शिक्षक मोर्चा ने चरणबद्ध आंदोलन का ऐलान किया है। आंदोलन के तहत आगामी 14 अक्टूबर को जिला मुख्यालय में ज्ञापन सौंपा जाएगा। आगामी एक नवंबर को दीप जलाकर अधिकार मांगेंगे, 11 नवंबर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया जाएगा। आगामी 12 से 24 नवंबर तक मुख्यमंत्री, मंत्री, सांसद, विधायक को मांग पत्र सौपा जाएगा। आगामी 25 नवम्बर को इंद्रावती से महानदी भवन तक पैदल मार्च कर मांग पत्र सौंपा जाएगा।

### यह मांगे रखेंगे

मोर्चा ने मोदी की गारंटी के तहत सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर कर क्रमोन्नत/समयमान वेतनमान देने, समतुल्य वेतनमान का निर्धारण, पूर्व सेवा अवधि की गणना कर पुरानी पेंशन को निर्धारित करने, 20 वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर पेंशन देने, उच्च न्यायालय बिलासपुर के निर्णय अनुसार एलबी संवर्ग के शिक्षको को क्रमोन्नति/समयमान का आदेश जारी करने, केंद्र के समान 1 जनवरी 2024 से 4 प्रतिशत महंगाई भत्ता देने, जुलाई 2019 से देय तिथि पर महंगाई भत्ते के एरियर राशि का समायोजन करने की मांग रखा है।

### आंदोलन में शामिल होने का आह्वान

**डोंगरगढ़।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष गोपी वर्मा, शैलेन्द्र मेश्राम, राकेश तिवारी शरद शुक्ला, श्रीकेश शर्मा, जीवन वर्मा, हंश कुमार मेश्राम, मनोज वर्मा, देवेन्द्र साहू, बृजेश वर्मा, चंद्रिका यादव, ईश्वर मंडावी, महेश उईके, राजेश साहू, रतिराम कन्नौजे, संदीपसाहू, विद्यानंद डोंगरे, संतोष टेमरे, फलेश साहू, प्रदीप वर्मा, राजेश राजपूत, पंचशीला सहारे, राजकुमारी जैन, नीरज बाला डोंगरे, चुम्मन देवांगन, सुरेन्द्र शांडे, सुकालु वर्मा, गिरीश हिरवानी, दिनेश कुरेटी, मनीष पसीने, अनिल शर्मा ने सभी शिक्षकों से सत्याग्रह में शामिल होने का आह्वान किया है।

## स्कूलों में शिक्षकों की कमी



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

पदोन्नति के बाद क्षेत्र के स्कूलों में शिक्षकों की कमी हो गई है। शिक्षकों की कमी के बाद कोर्स पूरा होना पर संशय बना हुआ है। बच्चे अपनी पढ़ाई को लेकर परेशान हैं।

जानकारी के अनुसार शिक्षकों की पदोन्नति के अलावा स्वामी आत्मानंद स्कूल में कुछ शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति हुई है जिसके कारण स्कूलों में शिक्षकों का संकट खड़ा हो गया है। अधिकांश स्कूलो में सिलेबस अधूरा है जिसके कारण बच्चों को चिंता सता रही है। ग्राम हनईबन की प्राथमिक शाला में 101 बच्चों को पढ़ाने के लिए मात्र दो शिक्षक थे जो पदोन्नत होकर अन्यत्र चले गए है। एक शिक्षिका को आत्मानन्द स्कूल में नियुक्त कर दिया गया है। वर्तमान में प्रधानपाठक निशुसिंह एवं राही सोनकर द्वारा स्कूल का संचालन किया जा रहा है। यहां दो शिक्षकों की आवश्यकता है।

### भर्ती के बाद दूर होगी कमी

बीईओ आरके डडसेना ने बताया कि अधिकतर जगह शिक्षकों की कमी है। पूर्व पदस्थ शिक्षक प्रधानपाठक के पद पर पदोन्नत हो हुए है। जरूरत के हिसाव ने आसपास से टीचर की व्यवस्था किया जाता है। प्रतिनियुक्ति शासन स्तर से किया गया है।

पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

### नवोदय में प्रवेश के लिए निःशुल्क कोचिंग

**लाल बहादुर नगर।** तहसील साहू संघ ने बच्चों की शिक्षा के लिए अनूठी पहल की है। कल 2 अक्टूबर से मां कर्मा भवन में कक्षा पांचवी के छात्र-छात्राओं को नवोदय प्रवेश परीक्षा के लिए निःशुल्क कोचिंग क्लास प्रारंभ किया जा रहा है। तहसील साहू संघ के अध्यक्ष लक्ष्मण साहू ने बताया कि नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा के लिए फॉर्म भर चुके बच्चों को निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। कोचिंग क्लास का संचालन कमलदास साहू, पवित्र साहू, राजेंद्र साहू, घनश्याम साहू, अश्वनी साहू, मनोज साहू द्वारा किया जाएगा।

### नामकरण का स्वागत

**राजनांदगांव।** खालसा सेवा दल के संयोजक मोहन सिंग ढल्ला ने सोमवार को नगर निगम सदन की सभा में जीई रोड़ ट्रांसपोर्ट नगर चौक का महाराजा रंजीत सिंग के नामकरण किए जाने पर आम सहमति व्यक्त करने पर महापौर हेमा देशमुख और नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु समेत पार्षदों का आभार व्यक्त किया। खालसा सेवा दल के प्रतिनिधि मंडल ने पिछले कुछ माह पूर्व महापौर हेमा देशमुख से प्रत्यक्ष भेंट कर जीई रोड ट्रांसपोर्ट नगर चौक का नाम महराजा रंजीत सिंह के नाम पर किए जाने का आवेदन लगाया था, जिस पर उन्होंने सहमति व्यक्त की थी और सदन में पास कराने का विश्वास दिलाया था। जीई रोड ट्रांसपोर्ट नगर चौक को महराजा रंजीत सिंह के नामकरण की आम सहमति होने से सिख समाज, परिवहन संघ एवं खालसा सेवा दल में हर्ष व्याप्त है और निगम के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त करता है। उक्त जानकारी खालसा सेवा दल के मोहन सिंग ढल्ला ने दी।

शोक-संदेश



जन्म 11-04-1954
पुण्यतिथि 28-09-2024
स्व. श्रीमती कुन्ती बाई सिन्हा
अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि, धर्मपत्नि श्रीमती कुन्ती बाई सिन्हा का स्वर्गवास दिनांक 28-09-2024, दिन : शनिवार को हो गया है।
अतः निम्न कार्यक्रम में उपस्थित होकर मृतात्मा को शांति प्रदान करें।
कार्यक्रम
पंचनाहवन एवं सम्पूर्ण कार्यक्रम : 02-10-2024, दिन : बुधवार
कार्यक्रम स्थल : बांधाबाजार, जिला-मोहला-मानपुर अं चौकी (छ.ग.)
शोकाकुल परिवार :-
रमेश-सव्यवती सिन्हा (बेटा-बहू), महेश-आरती सिन्हा (बेटा-बहू), धनेश-सरिता सिन्हा (बेटा-बहू)
धनेश्वरी (रीना)- त्रिलोक सिन्हा (दमाद-पुत्री), चन्द्रप्रताप सिन्हा-लक्ष्मणी सिन्हा (बेटी नाती-नतनीन)
गौरव, शीतल, तिलोक, तरूण, नवनीत, आकाश, सीखा एवं समस्त सिन्हा परिवार।
विनीत :-
श्री पल्टन राम सिन्हा (पति)
ग्राम - बांधाबाजार

## पेनाल्टी शूटआउट से दुर्ग सेक्टर ने जीता मैच

# फुटबॉल में दुर्ग विजेता एवं सरगुजा टीम उपविजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

राज्य स्तरीय पुरूष फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन स्थानीय रेलवे फुटबाल मैदान में नेहरू महाविद्यालय ने 28 से 30 सितम्बर तक प्राचार्य डॉ. ईव्ही रेवती के निर्देशन एवं क्रीड़ा अधिकारी डॉ. एमएल नंदेश्वर के मागदर्शन में किया। फायनल मैच 30 सितम्बर को दुर्ग सेक्टर और सरगुजा की टीम के बीच खेला गया। पेनाल्टी शुट आउट के माध्यम से दुर्ग टीम ने 3-2 से सरगुजा को हराकर खिताब हासिल किया। सरगुजा की टीम उपविजेता रही।

प्रथम सत्र में आयोजित सेमीफायनल मैच के मुख्य अतिथि पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष तरूण हथेल, विशिष्ट अतिथि केन्द्रीय विद्यालय के प्राचार्य, विभिन्न सेक्टरों से आए पर्यवेक्षक, क्रीड़ा अधिकारी थे। समापन समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रामजी भारती थे। अध्यक्षता प्रकाश चौरड़िया ने की। विशिष्ट अतिथि सुनील जैन चीकू, महेन्द्र भाई पटेल, उमा महेश वर्मा, रवि अग्रवाल, अमित छाबड़ा, जैन कुमार मेश्राम, विनित यादव, श्याम तिवारी, अजय यादव, अविनाश टेम्भुरकर थे।



### सेमीफाइनल में दुर्ग एवं सरगुजा विजेता

प्रतियोतगिता का प्रथम सेमीफायनल मैच दुर्ग एवं बिलासपुर सेक्टर के मध्य खेला गया। दुर्ग की टीम ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए 3-0 से मैच जीतकर फानयल में प्रवेश किया। इसी प्रकार द्वितीय सेमीफायनल मैच सरगुजा व बस्तर सेक्टर के मध्य हुआ। सरगुजा सेक्टर की टीम ने 2-0 से मैच जीत दर्ज किया। फायनल मैच दुर्ग सेक्टर एवं सरगुजा सेक्टर के मध्य खेला गया। मैच काफी रोमांचक रहा। दोनो टीम ने निर्धारित समय पर गोल मारने का काफी प्रयास किया किन्तु सफलता नहीं मिली। निर्धारित समय के बाद पेनाल्टी किक के माध्यम से दुर्ग सेक्टर की टीम ने 3-2 से मैच जीत कर विजेता का खिताब प्राप्त किया। अंत में अतिथियों ने विजेता एवं उपविजेता टीम को विनर शील्ड प्रदान किया। इस मौके पर सहयोग करने वाले खिलाड़ी व पर्यवेक्षकों स्मृतिचिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर डॉ. प्रदीप जाम्बुलकर, डॉ आशा चौधरी, डॉ. आरआर कोचे, नितेश तिरपुडे, जीके यादव, नीलम चतुर्वेदानी, सोनाली लोया, ओमप्रकाश वर्मा, गुलशन सिन्हा, एचआर पदमे, अविनाश सिंह, बेदप्रकाश साहू, नितिन शांडिल्य, डॉ. नीता राजपुत, एवलाल मेश्राम, प्रभात बैस, गौरव तिवारी, मनीषा भेड़िया, देवश्री देवांगन, गोकुल प्रसाद, छात्र दीपेश डे, रमन साहू, डाकेश्वर वर्मा, अमन नामदेव, नागेश्वर वर्मा, गोदावरी, मुस्कान आदि मौजूद थे। संचालन क्रीड़ा अधिकारी डॉ. नंदेश्वर एवं आभार प्रदर्शन डॉ. जाम्बुलकर ने किया।

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

# अग्रसेन जयंती महोत्सव, आज सांस्कृतिक संध्या, कलेक्टर व एसपी होंगे सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत कल 2 अक्टूबर को सांस्कृतिक संध्या का आयोजन पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम में किया जाएगा। आयोजनकर्ता अग्रवाल महिला मंडल की अध्यक्ष मंजू खोखरिया, सचिव रीना अग्रवाल, कोषाध्यक्ष रेखा अग्रवाल, रमा अग्रवाल, सुनीता लोहिया, महिला मंडल से सुनिता अग्रवाल, निर्मला पसारी, पूर्व अध्यक्ष अनुराधा लोहिया, वीणा अग्रवाल तथा श्रद्धा अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम के प्रमुख अतिथि कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं एसपी मोहित गर्ग होंगे। विगत दिनों आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण भी किया जाएगा। मीडिया प्रभारी संजय अग्रवाल ने बताया कि ऑडिटोरियम में अनेकता में एकता नृत्य की शानदार प्रस्तुति होगी । रोजाना चल रहे कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं से समाज की प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिल रहा है। इसे लेकर अग्र परिवारों में अपार उत्साह का माहौल है।

अग्रवाल नवयुवक मंडल के अध्यक्ष हर्ष लोहिया, सचिव चैतन्य अग्रवाल, अमन अग्रवाल, हर्षित अग्रवाल, हर्षित बाबुलाल अग्रवाल, अभिनव अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सूरज अग्रवाल ने सभी अग्रजनों से सांस्कृतिक संध्या का आनंद लेने की अपील की है।

### संस्कारधानी में मुक्तकंठ से हो रही प्रशंसा

अग्रवाल सभा के अध्यक्ष शरद अग्रवाल, सचिव आलोक बिंदल, कोषाध्यक्ष अशोक अग्रवाल, शरद अग्रवाल, परमानंद गोयल, भावेश अग्रवाल, रमणिक अग्रवाल, अंकुर अग्रवाल तथा सुरेश अग्रवाल, अग्रवाल सभा से दिपक अग्रवाल, राजेन्द्र अग्रवाल व राजेश खोखरिया ने बताया कि नगर उत्सव गणेश विसर्जन झांकी को डीजे के जानलेवा शोर से मुक्त रखते परंपरागत सौहार्द के साथ संपन्न कराने कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं एसपी मोहित गर्ग का अभिनंदन एवं सम्मान इस कार्यक्रम में अग्रवाल समाज की ओर से किया जाएगा। दोनों प्रशासनिक अधिकारियों की इस सकारात्मक पहल की संस्कारधानी में मुक्तकंठ से प्रशंसा हो रही है।

# देवी प्रतिमा स्थापना के साथ शत चंडी महायज्ञ

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



■ दुर्गा चौक में आयोजन समिति की भव्य तैयारी

नवरात्र पर्व पर शहर के दुर्गा चौक में श्री दुर्गा वार्षिक उत्सव समिति द्वारा भव्य पूजा पंडाल में देवी प्रतिमा की स्थापना एवं शत चंडी महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है, जिसे लेकर तैयारियां लगभग पूर्णतः की ओर है।

ज्ञात हो कि 3 अक्टूबर से शक्ति की देवी मां दुर्गा आराधना का पर्व प्रारंभ हो रहा है। शहर सहित ग्रामीण इलाकों में पूजा समितियों द्वारा भव्य पूजा पंडालों में देवी मां की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। इसके साथ ही विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### 3 से 11 तक धार्मिक आयोजन

शहर के दुर्गा चौक में श्री दुर्गा वार्षिक उत्सव समिति शक्ति धाम द्वारा नवरात्र पर्व के लिए चौक के आसपास भव्य रूप से साज-सजावट की जा रही है। वहीं पूजा पंडाल का निर्माण किया जा रहा है। आयोजन समिति द्वारा बताया गया कि इस अवसर पर शत चंडी महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है, जो वाराणसी से पं. आचार्य श्याम उपाध्याय एवं शहर के पं. आचार्य अनिल तिवारी एवं अन्य आचार्यों की उपस्थिति में होगा। 3 अक्टूबर से 11 अक्टूबर तक चलने वाले इस धार्मिक आयोजन में प्रतिदिन अनुष्ठान पाठ सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक, महायज्ञ हवन आहुति दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक आयोजित किया जाएगा। इसके अलावा प्रतिदिन रात्रि 8 बजे से विभिन्न सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। उक्त आयोजन के लिए भव्य यज्ञ कुंड का निर्माण भी किया गया है, जो अंतिम चरण में है।

## रामकृष्णादास वैष्णव का निधन

**डोंगरगढ़।** सुकुलदैहान के पूर्व सरपंच बाबू रामकृष्ण दास वैष्णव का 30 सितंबर को निधन हो गया। उनके निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। उन्होंने अपने जीवनकाल में समाजसेवा और धार्मिक कार्यों में उल्लेखनीय योगदान दिया था। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। उनके निधन पर सीपरराम लोधी, ईश्वरदास लोधी, अधिवक्ता कमल किशोर लोधी, कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने शोक संवेदना प्रकट किया है।




## समीना को मिली पीएचडी



**छुईखदान।** श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय रायपुर में गत दिनों आयोजित दीक्षांत समारोह में राज्यपाल श्री रेमन डेका ने पुराने बस स्टैण्ड निवासी समीना कुरैशी को पीएचडी की उपाधि प्रदान किया। डॉ. समीना कुरैशी ने अपना शोध निर्देशक डॉ. ईश्वर प्रसाद यद्ु, सहशोध निर्देशक डॉ. शीतल अडगावकर के निर्देशन में पूरा किया। डॉ. समीना ने एमए, एमएड, एमफिल (शिक्षा) एवं डॉक्टर ऑफ फिलासिफी तक शिक्षा हासिल किया है। समीना को पीएचडी करने के लिए उनकी मौसी स्व फौजिया शेख ने प्रोत्साहित किया था। उन्हे जामा मस्जिद के मुतवल्ली, सदर अरसद हुसैन, इम्तियाज हुसैन ने मुबारकबाद दी है।




# आज शिक्षकों का सत्याग्रह पदयात्रा

**राजनांदगांव।** पूर्व सेवा गणना मिशन के तहत मोदी की गारंटी को लागू करने की मांग को लेकर प्रदेशभर के शिक्षक कल 2 अक्टूबर गांधी जयंती के दिन राजधानी में सत्याग्रह पदयात्रा कर अपना अधिकार मांगेंगे। पदयात्रा के बाद सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा द्वारा चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। संघर्ष मोर्चा के जिला संचालक छन्नूलाल साहू एवं सह-संचालक अजय कड़व ने बताया कि हमारी मांगों में पूर्ण सेवा गणना करते समस्त एलबी शिक्षक संवर्ग को पुरानी पेंशन, सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर करना, समतुल्य वेतनमान में सही वेतन का निर्धारण, केन्द्र के समान 1 जनवरी 2024 में 4 प्रतिशत महंगाई भत्ता प्रमुख है। राज्य सरकार द्वारा मोदी की गारंटी लागू किए जाने की घोषणा के तारतम्य में घोषणा पूरा करने की मांग को लेकर शिक्षक राजधानी में एक बड़ा शक्ति प्रदर्शन करेंगे। शिक्षक संघर्ष मोर्चा जिला इकाई राजनांदगांव के पदाधिकारियों ने शिक्षकों को राजधानी रायपुर पहुंचने अपील की है। अपील करने वालों में छन्नूलाल साहू, अजय कड़व, जितेन्द्र हिरवानी, प्रफुल्ल झा, जितेन्द्र देवांगन, महेश ठाकरे, अर्जुन सेन, प्रमोद साहू, गुरूदत्त सिन्हा, कन्हैयालाल कुंजाम, हेमंत निर्मलकर, ओगेश्वर प्रसाद, भुपेश साहू, छनेन्द्र साहू, रजनीश चतुर्वेदी, दीलिप डोंगरे, शशिकांत पंचभावे, रूपेन्द्र साहू, धनेश नेताम, लोकेश साहू, सुरेन्द्र शर्मा आदि शामिल है।

## मुक्त विवि में प्रवेश 31 तक

**छुईखदान।** पंडित सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय बिलासपुर के अध्ययन केंद्र वीरांगना अवंतीबाई महाविद्यालय में संचालित स्नातक, स्नातकोतर पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रारंभ है। प्रवेश हेजु आन लाइन आवेदन 31 अक्टूबर तक किया जा सकता है। समन्वयक सहायक शोभाराम जंघेल ने बताया कि स्नातक स्तर पर बीए, बीकॉम, बीएससी, बीबीए, बीलिव तथा स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम अन्तर्गत एमए हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, राजनीति विज्ञान, समाज शास्त्र, छत्तीसगढ़ी, एमकॉम, एमएससी गणित, कम्युटर साइंस, योग विज्ञान, पीजीडीसीए, एमएस डबलू, एमबीए में प्रवेश लिया जा सकता है।

**न्यायालय नायब तहसीलदार राजनांदगांव**

**मामले की श्रेणी: राजस्व**

**प्रकरण क्रमांक- RD20232442050860007**

**ईश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि तहसील राजनांदगांव के प.ह.न. 00026 के अंतर्गत ग्राम रेंगाकठेरा के वर्तमान भूमिस्वामी छेरकू पिता / पति-ररुहा पता-सा. देह, दुरपति पिता / पति-छेरकू पता-सा . देह, मलेश्वरी पिता / पति-समेलाल पता-सा. देह, फुलकुंवर पिता / पति-छेरकू पता-सा .देह, कांतिबाई पिता/ पति-छेरकू पता-सा. देह, राधिका पिता/पति-छेरकू पता-सा देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1320/4(0.0040) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता राजेशकुमार वर्मा पिता/पति-गैंदलाल वर्मा पता-ग्राम व पोस्ट रेंगाकठेरा के नाम पर पंजीयन फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 18/10/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार राजनांदगांव 1 पर की जावेगी। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 25/09/2024 को जारी किया जाता है।

नायबतहसीलदार : Devika
राजस्व निरीक्षक मंडल-ठाकुरटोला









अधिकृत विक्रेता - जैन मोटर्स स्टेट हाईवे,कवर्धा रोड, खैरागढ़

ब्रांचः- रायपुर नाका चौक, भारत साइकिल स्टोर्स के बाजू में, राजनांदगांव,

अंबागढ़ चौकी 8103024569 । चिचोला । गण्डई

संपर्क 9977184777, 8120006476, 9406011166 । सर्विसः- 8120006480, 8120001601

अनुभवी कम्प्यूटर ऑपरेटर- खैरागढ़ (02), राजनांदगांव (02), अंबागढ़ चौकी (01)/ ड्राईवर- राजनांदगांव (01), खैरागढ़ (01) की आवश्यकता है।

इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें: 8120006476, 9977184777

## खबर संक्षेप

### चुनावी माहौल नजदीक आते ही ग्रामीण क्षेत्रों में चर्चा जोरों पर



**हरिभूमि कोलेगांव।** प्रदेश में चुनावी माहौल नजदीक आते ही पंडरिया विधानसभा क्षेत्र में ग्रामीण व क्षेत्र में चुनावी माहौल की परिचर्चा जोर-शोर से हो रही है। ग्रामीण क्षेत्र में चुनावी माहौल को देखते हुए चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार अपने जमीन तलाशने में लगे हुए हैं। दिनेश पाण्डेय ने बताया कि क्या इस बार जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 04 जो अनुसूचित जाति के लिए सुरक्षित रखा जाएगा वैसे 10 वर्ष हो गए है आने वाले चुनाव में जिला पंचायत सदस्य इस बार यह सीट सामान्य होगा। जिसे लेकर नेता व पदाधिकारी अपने-अपने हिसाब से ग्रामीणों में जनसंपर्क व मेल-मुलाकात कर रहे हैं। श्री पाण्डेय ने बताया कि क्या उसी प्रकार पंचायत के लिए सरपंच व जनपद सदस्य चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार क्षेत्र में सघन संपर्क कर रहे हैं अब देखने वाली बात यह है कि नवंबर के कौन सी तारीख में आचार संहिता का बिगुल बजता है, ग्रामीण क्षेत्रों में अभी से क्षेत्रीय नेता चुनावी माहौल की तैयारी में जुट चुकें है। वहीं धार्मिक, सामाजिक कार्यक्रम में पहुंचकर बैठकर ग्रामीणों से मुलाकात एवं चर्चा किया जा रहा है साथ ही साथ ग्रामीण क्षेत्रों में चर्चा जोरों पर है।

### विनायक पब्लिक स्कूल में स्वच्छता एवं सेवा पखवाड़ा संपन्न



**हरिभूमि कवर्धा।** कवर्धा स्थित दानवीर भामाशाह शिक्षण संस्थान द्वारा संचालित विनायक पब्लिक इंग्लिश मीडियम स्कूल रामनगर-शंकरनगर कवर्धा में महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के जन्म दिवस के अवसर पर स्वच्छता एवं सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम अंतर्गत स्कूल के सभी एकेडमिक शैक्षणिक स्टाफ एवं छात्र छात्राओं द्वारा स्कूल परिषर को स्वच्छ बनाए रखने व स्वस्थ्य जीवन लाभ के लिए स्वच्छ भारत मिशन अभियान कार्यक्रम अंतर्गत साफ-सफाई किया गया। जिसमें स्कूल के सभी स्वच्छता दूतों के साथ-साथ सभी विद्यार्थियों द्वारा जन-मानस को संदेश देते हुए कि हमें अपने घर, परिवार एवं आसपास के सभी क्षेत्रों को हमेशा स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने प्रेरित किया। उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से निर्देशक डॉ नारायण साहू एवं श्रीमती लक्ष्मी साहू द्वारा स्कूल के सभी स्वच्छता दूतों का एवं शिक्षा के क्षेत्र में अपना सराहनीय योगदान देने के लिए सभी मैनेजमेंट विभाग प्रमुखों का व स्कूल के प्राचार्य के साथ-साथ सभी शैक्षणिक शिक्षक-शिक्षिकाओं को सम्मान पत्र व कलम देकर के सम्मानित किया गया। साथ ही पूर्व में रोपित किए गए एक पेड़ अपने मां का नाम अंतर्गत पौधरोपित कर देख-रेख व संरक्षण का संकल्प लिया।

### प्राथमिक शाला के छात्रों ने स्वच्छता की शपथ ली



**हरिभूमि कवर्धा।** शासकीय प्राथमिक शाला मक्के में मंगलवार को स्वच्छता शपथ दिलाई गई। इस स्वच्छतापखवाड़े के साथ-साथ स्कूली बच्चों ने स्वच्छता शपथ, स्कूल परिषर से लगी बाउंड्रीवाल की साफ-सफाई अभियान चलाया गया, जिस पर विद्यार्थियों द्वारा स्वच्छता के प्रति लोगों को जन-जागरुक किया गया। इस दौरान संकुल समन्वयक रामसिंह साहू, प्रधान पाठक श्रीमती एलविना विलसन, शिक्षक निर्मल पात्रे, ग्राम पटेल कुमार साहू, शाला प्रबंध समिति अध्यक्ष अयोध्या साहू, उपाध्य क्ष श्रीमती ज्योति साहू व छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

### मिशन वात्सल्य टीम नें नशे के विरूद्ध जन-जागरुकता रैली निकाली




**हरिभूमि कवर्धा।** जिला कार्यक्रम अधिकारी आनंद तिवारी एवं जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी सीएल भुआर्य के निर्देशानुसार महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मिशन वात्सल्य अंतर्गत चाइल्ड हेल्पलाइन एवं जिला बाल संरक्षण इकाई महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम ने कवर्धा शहर के शासकीय हाई स्कूल शक्ति वार्ड के स्कूली बच्चों के साथ मिलकर बाल भिक्षावृत्ति, नशा मुक्ति, स्वच्छता ही सेवा का नारा देते हुए जन-जागरूकता कार्यक्रम व रैली का आयोजन किया गया। जिला बाल संरक्षण अधिकारी सत्यनारायण राठौर ने किशोर न्याय बालकों की देखरेख संरक्षण अधिनियम 2015 के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया और बाल भिक्षावृत्ति के संबंध में जानकारी दिया गया। साथ ही साथ स्वच्छता ही सेवा को ध्यान में रखते हुए स्कूल के बच्चों को स्वच्छता के प्रति जन-जागरूक होने के लिए प्रेरित किया और रैली के माध्यम से नगरवासियों को जागरुक किया गया। इस जागरूकता कार्यक्रम में सत्यानारायण राठौर जिला बाल संरक्षण अधिकारी, राजाराम चंद्रवंशी संरक्षण अधिकारी, अविनाश ठाकुर परामर्शदाता, परमेश्वरी धुर्वे, शुरेश साहु सामाजिक कार्यकर्ता, विनय कुमार जघेल, श्यामा धुर्वे, नितिन किशोरी वर्मा, महेश कुमार निर्मलकर, रामलाल पटेल, शारदा निर्मलकर, आरती यादव स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाएं व छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

### छात्राओं को स्वच्छता ही सेवा की शपथ दिलाई गई




**हरिभूमि बरबसपुर।** विकासखंड कवर्धा अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल बरबसपुर में मंगलवार को स्वच्छता ही सेवा सप्ताह अंतर्गत स्वच्छता संबंधी चित्राकला प्रतियोगिता किया गया। जिसमे छात्रा नीतू, लक्ष्मी, वीणा, निशा, पूनम, असवंत, कमलेश व विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, इसी क्रम में स्वच्छता शपथ लिया गया। प्राचार्य लक्ष्मण मिरी ने विद्यार्थियों को स्वच्छता का महत्व बताते हुए कहा कि सबसे पहले हम जहां रहते हैं उस जगह को स्वच्छ बनाए रखें और आसपास के लोगों को स्वच्छता संबंधी जन जागरूक करें ताकि वे भी अपने घर व आसपास को स्वच्छ रखें। हम सभी को मिलकर अपने गांव को भी स्वच्छ रखना है। इस कार्यक्रम में व्याख्याता सीमा वर्मा, वर्षा सोनी, कामना श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव व स्कूली छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

## पीएम आवास योजना से हर गरीब परिवार को मिल रहा सुरक्षित पक्का आवास

# उपमुख्यमंत्री ने जिले के समग्र विकास के लिए 68 लाख 50 हजार के निर्माण कार्यों की घोषणा की

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा मंगलवार को एक दिवसीय कबीरधाम प्रवास के दौरान जिले के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क किया और वहां के लोगों से मुलाकात कर सीधा संवाद किया। उन्होंने ग्राम गदहाभाठा, बारदुली, बारदी, गोरखपुर, जिन्दा, दुबहा और मिरमिट्टी का दौराकर ग्रामीणों की समस्याएं, मांगें और शिकायतें सुनीं। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने जन-आंकाक्षाओं की मांग और जिले के समग्र विकास के लिए 68 लाख 50 हजार रूपए के विभिन्न निर्माण कार्यो की घोषणा की।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा लक्ष्य है कि हर गांव को विकास की मुख्यधारा में लाया जाए। आपके सहयोग से हम इस दिशा में आगे बढ़ेंगे। ग्रामीण विकास के लिए विष्णुदेव साय की सरकार प्रतिबद्ध है। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने ग्रामवासियों की मांग पर विभिन्न विकास कार्यो के लिए लाखों रूपए की सौगात दी। उन्होंने गांव के विकास के लिए ग्राम गदहाभाठा में किचन शेड निर्माण के लिए 01 लाख 50 हजार रूपए, बाउड्रीबॉल निर्माण कार्य के लिए 02 लाख रूपए, सामुदायिक भवन के लिए 10 लाख रूपए, शौचालय निर्माण के लिए 3 लाख 50 हजार रूपए, मुरमीकरण के लिए 02 लाख रूपए, ग्राम बरदुली में मुक्तिधाम शेड निर्माण के लिए 03 लाख रूपए, सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 10 लाख रूपए, शौचालय निर्माण के लिए 03.50 लाख रूपए, ग्राम बारदी में सामाजिक मंगल भवन के लिए 10 लाख रूपए, शौचालय निर्माण कार्य के लिए 3 लाख रूपए, स्कूल में आहता निर्माण के लिए 04 लाख रूपए, ग्राम गोरखपुर में सीसी रोड़ के लिए 05 लाख रूपए, मंच निर्माण के लिए 02 लाख रूपए, गर्राझोरी पुलिया के लिए 01 लाख रूपए, सीसी रोड़ सोसायटी तक के लिए 08 लाख रूपए और पुलिया निर्माण के लिए 01 लाख रूपए की घोषणा की। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने इसके साथ ही ग्रामीणों की मांग विभिन्न मांग, शिकायत का मौके पर ही समाधान किया। इस अवसर पर इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष विरेन्द्र साहू,मनीराम साहू, खिलेश्वर साहू सहित जनप्रतिनिधियों उपस्थित थे।

### शर्मा ने पीएम आवास योजना का लक्ष्य साझा किया






उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने अपने जनसंपर्क के दौरान ग्रामीणों को प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत राज्यवार विवरण और लक्ष्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार का उद्देश्य हर गरीब परिवार को एक सुरक्षित पक्का आवास प्रदान करना है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत राज्य को निर्धारित लक्ष्य के अनुसार आवास उपलब्ध कराने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। उपमुख्यमंत्री ने ग्रामीणों से अपील की कि वे इस योजना का लाभ उठाएं और सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र व्यक्ति इसके लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार हर संभव प्रयास करेगी कि आवास निर्माण में कोई भी बाधा न आए। ग्रामीणों ने उनकी बातों को ध्यानपूर्वक सुना और इस योजना के तहत मिलने वाले अवसरों के प्रति उत्साह व्यक्त किया।

## कांग्रेस की न्याय यात्रा में शामिल हुई पूर्व विधायक ममता



हरिभूमि न्यूज ⏭पाण्डातराई

छत्तीसगढ़ कांग्रेस द्वारा लगातार बढ़ते हुए अनियंत्रित अपराध अराजकता तथा भाजपा शासन की विफलताओं को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा सामाजिक समरसता लाने प्रदेशवासियों को भय और आतंक से मुक्ति दिलाने तथा प्रदेश में पुणे शांति व्यवस्था कायम करने की मंशा से गति दिवस 27 सितंबर से 2 अक्टूबर के लिए गिरौधपुरी धाम से प्रारंभ की गई। छत्तीसगढ़ कांग्रेस का न्याय यात्रा को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं व पदाधिकारी में खासा उत्साह देखा जा रहा है वहीं कांग्रेस की छत्तीसगढ़ में यात्रा को गांव-गांव में भी प्रतिशत समर्थन मिल रहा है। यात्रा के दौरान मार्ग में पड़ने वाले गांव के लोग स्वत इस यात्रा में जुड़ रहे हैं और कांग्रेस की छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा में अपनी सहभागिता निभा रहे हैं। वहीं कबीरधाम जिले के पूर्व पंडरिया विधायक श्रीमती ममता चंद्राकर कार्यकर्ताओं के साथ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज द्वारा यात्रा को लेकर गठित कोर कमेटी में शामिल हुई, पंडरिया विधायक श्रीमती चंद्राकर ने कहा कि कानून व्यवस्था पूरी तरीका से खत्म हो चुकी है, अपराध नियंत्रण से बाहर हो चुके हैं प्रदेश में लगातारअप्रिय घटना हो रही है। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी सहित कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।

## कोलेगांव से हथमुड़ी पीएम सड़क का हाल-बेहाल, ग्रामीण परेशान

### आवाजाही में ग्रामीण व स्कूल छात्राओं को भारी दिक्कतें

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

शासन प्रशासन द्वारा शहर व ग्रामीण क्षेत्र को जोड़ने आपस में जोड़ने प्रधानमंत्री सड़क निर्माण कार्य कराया गया ताकि शहर व गांव तथा गांव से शहर आने जोने में सहुलियत हो सकें। लेकिन गुणवत्ताहिन निर्माण कार्य के कारण प्रधानमंत्री सड़क जर्जर व बदहाल होने से ग्रामीणों तथा राहगीरों को खासी परेशानियां व दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जिसमें कोलेगांव से हथमुड़ी प्रधानमंत्री सड़क लगभग 8-10 किलो मीटर सड़क अत्यंत जर्जर तथा जगह-जगह छोटे-बड़े गड्ढे ही गड्ढे होने से आवाजाही बाधित तथा ग्रामीण व राहगीर सड़क दुर्घटना के शिकार हो रहें है। जिस पर ग्रामीणों ने कई बार जिम्मेदारों व विभागीय अधिकारियों को शिकवा शिकायत कर गड्ढों की मरम्मत तथा सुधार कार्य की मांग की गई लेकिन विभागीय अधिकारियों तथा जिम्मेदारों की अनदेखी का खामियाजा ग्रामीण रहवासियों तथा राहगीरों को भुगतना पड़ रहा है सबसे ज्यादा दुख-दायी व परेशानियां छात्र-छात्राओं को घर से स्कूल व स्कूल से घर आने जाने में होती है क्योंकि सायकल से सफर करने वाले जिसमें ग्राम कोलेगांव, रूसे, दामापुर, कुण्डा आवाजाही करने वाले छात्र छात्राओं व ग्रामीणों तथा राहगीरों को भारी दिक्कते व परेशानियां होती है। जिस पर ग्रामीणों शासन-प्रशासन से मांग कर जल्द से जल्द कोलेगांव से हथमुडी मार्ग की मरम्मत व नवीनीकरण किया जाए जिससे आने-जाने वाले राहगीरों को परेशानी ना हो।



## सेवानिवृत्त वरिष्ठ व्याख्याताओं का सम्मान व भावभीनी विदाई दी



■ व्याख्याताओं को शाल, श्रीफल देकर किया सम्मानित।

हरिभूमि न्यूज ⏭पिपरिया

पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय पिपरिया के दो वरिष्ठ व्याख्याता डीके सोनी एवं एके पाण्डेय का सेवानिवृत्त वरिष्ठ व्याख्याताओं का सविदाई व सम्मान समारोह का आयोजन सोमवार को किया गया, जिसमे उनके उत्कृष्ट कार्य को याद करते हुए उनके विभाग मे सेवा काल को बताया गया तथा दोनो अनुभवी वरिष्ठ व्याख्याताओं के प्रथम विद्यालय में नियुक्ति से लेकर अंतिम विद्यालय में नियुक्ति कार्यकाल को याद किया गया, जहां डीके सोनी के प्रथम नियुक्ति प्राथमिक स्कूल कोयलारी में 15 फरवरी 1984 से 25 जुलाई 1988 तक रहा तथा उसके बाद कई विद्यालयों में नियुक्ति होते होते शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिपरिया में वर्तमान व्याख्याता पद पर 18 अगस्त 2017 से 30 सितम्बर 2024 तक अंतिम नियुक्ति रहा और अश्वनी कुमार पाण्डेय के प्रथम नियुक्ति शासकीय प्राथमिक शाला कुरुवा में 27 अप्रैल 1984 से 1988 तक रहा तथा उसके बाद कई विद्यालयों में नियुक्ति होते होते शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिपरिया में वर्तमान व्याख्याता पद पर नवंबर माह 2019 से लेकर 30 सिम्बर 2024 तक अंतिम नियुक्ति रहा।

इस कार्यक्रम मे संस्था प्रमुख प्राचार्य सतीश कुमार बंजारे द्वारा शाल, श्रीफल व उपहार देकर सम्मानित किया गया साथ ही अर्जुन चंद्रवंशी, हंसराज चंद्राकर, सुप्रिया तिवारी, देवकी नेताम, मोनिका सोनी, पवन कोसरिया, राजेश निषाद सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की हैं। इस कार्यक्रम का संचालन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी विनोद चंद्रवंशी ने किया।

## जेवरात चोरी करने वाले दो आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे



हरिभूमि न्यूज ⏭स/लोहारा

जिले में बढ़ती अपराध व अपराधिक मामलों में बड़ी कार्यवाही करते हुए सहसपुर लोहारा पुलिस ने चोरी के दो आरोपियो को गिरफ्तार जेल भेजा गया। अरोपियों के कब्जे से सोने-चांदी के आभूषण कुल किमती 25,6180 रूपए एवं घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल स्कूटी क्रं सीजी 08 एजेड 5216 कीमती 25 हजार रूपए। जुमला किमती 2,81,180 रूपए जप्त किया गया जेल भेजा गया। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल व थाना सहसपुर लोहारा थाना प्रभारी लालमन साव द्वारा क्षेत्र में लगातार अपराधिक गतिविधियो के विरूद्ध लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी मे 07 फरवरी को प्रार्थी विकास मिश्रा पिता दिनेश कुमार मिश्रा आयु 34 वर्ष निवासी लखनपुर खार थाना सहसपुर लोहारा उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 06 जनवरी को दोपहर 01 बजे अपने परिवार के साथ घर में ताला लगाकर अपने भांजा के जन्मदिन के कार्यक्रम मे ग्राम दादर-चरोदा भिलाई चला गया था जो कि रात्रि 11:30 बजे अपने घर वापस आया तो देखा की घर का सामान इधर-उधर बिखरा पडा था और घर का पीछे का दरवाजा की कुंडी टुटा हुआ था तथा दोनो आलमारी और उसके लाकर खुला हुआ वहीं आलमारी में रखें 50 हजार रूपएं सोने-चांदी के आभूषण किमती 3,55000 रूपए कुल जुमल 4,05,000 चार लाख पांच हजार रूपए को अज्ञात चोर द्वारा घर चोरी कर ले गया है। कि रिपोर्ट पर थाना सहसपुर लोहारा पुलिस ने अपराध क्रमाक 10/24 धारा 457, 380 कायम कर विवेचना मे लिया गया।

विवेचना के दौरान दो संदिग्ध व्यक्तियो को बिड़ोरा चौक मे पकड़ा गया। जिस पर लोहारा पुलिस द्वारा कड़ाई से पुछताछ करने पर उक्त चोरी की घटना स्वीकार किया। जिसमें आरोपी अनिल उर्फ गोलु डड़सेना पिता जीवन डड़सेना आयु 29 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 60 खदान बस्ती डंगनिया थाना डीडीनगर रायपुर व दीपक बघेल पिता चन्दु बघेल आयु 26 वर्ष निवासी 162 विजय नगर बाजार चौक कलमना मार्केट नागपुर स्थायी पता पता पिपरिया थाना खैरागढ जिला केसीजी होना बताया। जिस पर लोहारा पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध विधिसंगत कार्यवाही करते हुए उक्त आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

### बेसबॉल स्पर्धा में सात खिलाड़ियों का चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

अमेचूर बेसबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में 32वीं जूनियर नेशनल बेसबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 02 से 06 अक्टूबर तक पंजाब के संगरूर जिले में आयोजित होने जा रहा है, जिसमे छत्तीसगढ़ बालक-बालिका दोनो वर्गो की टीम सम्मिलित हो रही है। वही इस प्रतियोगिता में नगर के प्रयास स्पोर्ट्स अकेडमी कवर्धा से बालक वर्ग में कुलेश्वर राजपूत, हिमेश दास, कृष सिन्हा, निलेश साहू व बालिका वर्ग में विभा मानिकपुरी, रश्मि कौशिक, निधि चंद्रवंशी कुल सात खिलाड़ियों का चयन हुआ है जो बिलासपुर के रेल्वे स्टेशन से गोड़वाना एक्सप्रेएस में 30 सितंबर को रवाना हुए। जिसमे कोरबा, बिलासपुर, रायपुर, दंतेवाड़ा, मुंगेली व कवर्धा की टीम ने इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था। प्रयास स्पोर्ट्स अकेडमी के सात खिलाड़ियों का चयन होने के पर बधाई दी।

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चेम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

हादसा: रात भर नाला में पड़े रहे मृतक और घायल ग्रामीण

# मोटर साइकिल पुलिया से टकराई एक की मौत और दूसरा गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭रेंगाखार

जिले के रेगाखार जंगल थाना क्षेत्र में बीती रात रफ्तार का कहर देखने को मिला। जहां एक तेज रफ्तार मोटर सायकल के सड़क पर बनी पुलिया से टकरा जाने से मोटर सायकल सवार एक ग्रामीण की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि मोटर सायकल सवार दूसरा ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों से घटना की सूचना दूसरे दिन सुबह क्षेत्रीय पुलिस को मिली और पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक का शव बरामद किया वहीं घायल को क्षेत्रीय अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए कवर्धा जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार को श्रवण कुमार परते पिता बृजलाल परते आयु 45 वर्ष निवासी ग्राम बिछली मध्यप्रदेश अपने साथी मिलाप सिंह गोंड पिता बुद्धू सिंह गोंड आयु 50 वर्ष के साथ अपनी मोटर सायकल से पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने ग्राम मटियाडोंगरी गया था। बताया जाता है कि कार्यक्रम में शामिल होने के बाद दोनो रात करीब 10.00 बजे वापस अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान रेंगाखार जंगल थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रामपुर के आगे स्थित खोब्बाझोरी नाले में बनी पुलिया से उनकी तेज रफ्तार मोटर सायकल टकरा गई। बताया जाता है कि मोटर सायकल की रफ्तार इतनी तेज थी की चालक श्रवण सिंह तथा बुद्धू उझलकर पुल के नीचे जा गिरे और गंभीर चोट आने के कारण मौके पर ही श्रवण की मौत हो गई। जबकि पीछे बैठा बुद्धू सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद रात के अंधेरे में किसी को इसकी जानकारी नहीं मिल पाई। दूसरे दिन मंगलवार की सुबह राहगीरों ने इसकी जानकारी रेंगाखार जंगल पुलिस तथा डॉयल 112 को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक का शव बरामद कर मर्ग कायम कर लिया है वहीं घायल को प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय कवर्धा में भर्ती कराया गया है।



### नाला में रातभर पड़े रहे ग्रामीण

बताया जाता है कि मोटर सायकल की रफ्तार इतनी तेज थी कि पुलिया से टकराने के बाद सवार मोटर सायकल सहित खाई नुमा नाले में जा गिरे और गंभीर चोट आने से एक ग्रामीण की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद मृतक तथा घायल ग्रामीण पूरी रात नाले में ही पड़े रहे। माना जा रहा है कि इस हादसे के बाद अगर किसी की नजर इन लोगों पर पड़ जाती तो हो सकता है कि समय रहते उपचार मिलने से मृतक की जान बच जाती। लेकिन रात के अंधेरे में किसी की भी नजर इन लोगों पर नहीं पड़ पाई। दूसरे दिन सुबह जब क्षेत्र के लोग मार्ग से गुजरे तक उन्हें इस घटना की जानकारी हुई और उन्होने पुलिस को इसकी सूचना दी।

### पहले भी हो चुके हैं हादसे

क्षेत्रवासियों के मुताबिक यह पुलिया इतनी खतरनाक है कि यहां इससे पहले भी कई हादसे हो चुके हैं। पुलिया क्रास करते समय अगर वाहन चालक द्वारा जरा भी लापरवाही बरती गई तो निश्चित ही वह दुर्घटना का शिकार हो सकता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से इस दुर्घटनाजन्य क्षेत्र में सुरक्षा के इंतजाम कराए जाने की भी मांग की है।

# स्वदेशी के ध्येय से ही होगा राष्ट्र का उत्थान: मंत्री विजय शर्मा

- स्वदेशी मेला उद्घोषणा एवं विमोचन का कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा




स्वदेशी जागरण फाउंडेशन की इकाई भारतीय विपणन विकास केंद्र द्वारा कवर्धा में 17 अक्टूबर से आयोजित होने वाले स्वदेशी मेला उद्घोषणा एवं विमोचन का कार्यक्रम शहर में आयोजित किया गया। जिसमे छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए।

उन्होंने स्वदेशी और आयोजन के उद्देश्य की सराहना करते हुए कहा कि स्वदेशी से ही भारत की अर्थव्यवस्था को 5 ट्रिलियन इकॉनमी से देश की पांचवी अर्थव्यवस्था तक ले जाया जा सकता है। उन्होंने आयोजकों को बधाई देते हुए कहा कि हम सब कवर्धावासियों के लिए बहुत ही गर्व का विषय है कि यह आयोजन प्रथम बार कवर्धा में आयोजित होगा, निश्चित ही यह आयोजन क्षेत्र के व्यवसायियों के लिए नए आयाम स्थापित करेगा।

कार्यक्रम प्रबंधक सुब्रत चाकी ने बताया कि भारतीय विपणन विकास केंद्र का यह आयोजन रायपुर, बिलासपुर और नांदगांव में प्रतिवर्ष आयोजित होता आया है, लोकजन में यह आयोजन इतना लोकप्रिय हो गया है कि प्रतिवर्ष लोगो को इसका इंतजार रहता है। उन्होंने बताया कि कवर्धा में 17 अक्टूबर से 23 अक्टूबर तक इस सात दिवसीय आयोजन में प्रतिदिन लोकमंच व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे, खरीदी- बिक्री के लिए भारत के विभिन्न राज्यो के हैंडीक्राफ्ट व हैंडलूम के स्टालों की सहभागिता रहेगी, साथ ही दोपहर में विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित होगी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संजय पाण्डेय ने स्वदेशी की यात्रा और देश के प्रति हमारा कर्तव्य देश की आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाने वाला आयोजन बताया, उन्होंने बताया कि यह आयोजन कवर्धा के लघु व कुटीर उद्योगों को एक नई राह तय करेगा, साथ ही कवर्धा के लोकजनो को देश मे निर्मित उत्पादों की जानकारी भी मिलेगी। इस उद्घोषणा कार्यक्रम में जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष रामकुमार भट्ट , मनहरण कौशिक, वरिष्ठ समाज सेवक एवं सरस्वती शिशु मंदिर के व्यवस्थापक हरीश लुनिया, दिनेश चंद्रवंशी, धर्म जागरण प्रांत संयोजक पूर्णेंद्र सिन्हा, रवि वर्मा, मंडल अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, जिला भाजपा उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, स्वदेशी संचालक मंडल सदस्य प्रवीण मैशेरी, अमर बंसल, जिला चैम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष आकाश आहूजा, जसविंदर बग्गा, सीबीएमडी के प्रबंधक सुब्रत चाकी, सुनील दोषी, राधेश्याम पाली, जयेश पंचाल राघव साहू, मुकेश अग्रवाल, अतुल देशलहरा, ठाकुर प्रांजल सिंह, मनीराम साहू, मंच कार्यक्रम संचालक जीआर जगत, एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### विजय शर्मा ने महामाया मंदिर में की पूजा अर्चना

**कवर्धा।** उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा मंगलवार को अपने एक दिवसीय कबीरधाम प्रवास के दौरान विभिन्न ग्रामों में आयोजित जनसंपर्क कार्यक्रम में शामिल हुए। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा जनसंपर्क अभियान से पहले ग्राम गदहाभांठा में मां महामाया माता मंदिर पहुंचकर विधिवत पूजा-अर्चना की। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा माता महामाया की पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष विरेन्द्र साहू, मनीराम साहू सहित जनप्रतिनिधियों ने भी पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

### सिघनपुरी में सद्भावना शिविर का आयोजन आज

**कवर्धा।** अनुसूचित जातियों के विकास एवं कल्याण तथा उनके प्रति अस्पृश्यता के कलंक को मिटाने, जनमानस में जागरुकता लाने के लिए अनुसूचित जाति बाहुल्य क्षेत्रों में 2 अक्टूबर 2024 को कवर्धा विकासखंड के ग्राम पंचायत सिघनपुरी में एक दिवसीय सद्भावना शिविर का आयोजन किया गया है। इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में व्याप्त रूढ़ियों और व्याधियों के विरुद्ध स्वच्छ, निर्मल और सामाजिक वातावरण बनाना है। शिविर स्थल पर अस्पृष्यता उन्नमूलन संवैधानिक प्रावधान एवं उनका व्यावयासिक जीवन पर प्रभाव हेतु आयोजन किया जाएगा।

# आपदा राहत राशि मांगने जिला कार्यालय पहुंचे किसान

## सौंपा ज्ञापन, धरमपुरा व बिरकोना के कई किसान वंचित



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

भारतीय किसान संघ के बैनर तले ग्राम धरमपुरा एवं मानिकचौरी के किसानो ने आरबीसी 6/4 के तहत आपदा राहत राशि की मांग को लेकर कलेक्टर से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा है।

इस संबंध में भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष डोमन चन्द्रवंशी ने बताया कि पिछले रवी सीजन 2023-24 में जिले में बेमौसम बारिश तथा ओलावृष्टि के कारण किसानों द्वारा ली गई चना, गेहूं, तिबरा. मसुर आदि फसलों को बहुत ज्यादा नुकसान हुआ था। जिसके बाद शासन द्वारा किसानों की फसलों की क्षति का सर्वे भी कराया गया था। जिसमें सबसे ज्यादा नुकसान लोहारा तथा पिपरिया तहसील में दर्ज किया गया था। इसके लिए शासन द्वारा पिपरिया तहसील के किसानों की आपदा राहत राशि आरबीसी 6/4 के तहत 18.5 करोड़ रूपए किसानों को दिया गया इससे तहसील के सभी गांवो के किसानों की क्षतिपूर्ति की राशि दी गई। लेकिन ग्राम घरमपुरा के कुल 515 किसानों में से सिर्फ 70 किसानों को ही राहत राशि का भुगतान किया गया। जबकि ग्राम के सभी किसानों की फसल मौसम की मार से क्षति ग्रस्त हुई थी। इसी प्रकार ग्रान मानिकचौरी के भी काफी कम किसानों को आपदा राशि का भुगतान किया गया था। श्री चन्द्रवंशी ने बताया कि जहां धरमपुरा के सिर्फ 70 किसानों को राहत राशि दी गई वहीं सीमावर्ती गांव बिरकोना के 504 किसानों, पिपरिया के 435 किसानों एवं दुबहा 235 यानि शत् प्रतिशत किसानों को आपदा राहत राशि का भुगतान किया गया।

### पटवारी पर मनमाने ढंग से सर्वे का आरोप

संघ ने आरोप लगाया है कि पटवारी द्वारा मनमाने ढंग से क्षतिग्रस्त फसल का सर्वे किए जाने के कारण किसानो को नुकसान उठाना पड़ रहा है। संघ अध्यक्ष डोमन चन्द्रवंशी ने बताया कि क्षेत्र में इससे साफ जाहिर है कि पटवारी हल्का नम्बर 09 के पटवारी टाकेश्वरी वर्मा के द्वारा नुकसान का वास्तविक आकलन न करके मनमाने ढंग से क्षतिग्रस्त फसलों का गलत सर्वे किया गया। जिसके कारण ग्राम धरमपुरा के 90 प्रतिशत किसानों को आपदा राहत राशि नहीं मिल पाई जबकि उनके द्वारा सिर्फ 10 प्रतिशत अपने चहते लोगों का नुकसान दर्शाकर केवल उन्हें ही आपदा राहत राशि का लाभ दिलाया गया। भारतीय किसान संघ ने ग्राम धरमपुरा तथा मानिकचौरी के आपदा राहत राशि पाने से वंचित किसानों को भी आरबीसी 6/4 के तहत आपदा राहत राशि दिए जाने की मांग की है।

### छिरहा के विद्यार्थियों ने ली स्वच्छता की शपथ

**कवर्धा।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत शासकीय हाई स्कूल छिरहा के शिक्षकों व विद्यार्थियों ने स्वच्छता शपथ लिया। संस्था के प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी ने बताया कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि के रूप में प्रतिवर्ष दो अक्टूबर को स्वच्छ भारत दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसके प्रस्तावना स्वरूप स्वच्छ भारत के संदेश को प्रसारित करने एवं स्वच्छता के विषय पर जनजागरूकता हेतु 17 सितंबर से एक अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया गया। इसी तारतम्य में स्वच्छता पखवाड़ा के अंतिम दिवस स्वच्छता शपथ लिया गया।

# लोहारीडीह के पीड़ितों ने प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष से की मुलाकात, लगाई न्याय दिलाने की गुहार

- पीड़ित परिवारों व समाज की अब तक कोई भी मांग पूरी नहीं होने से असंतोष

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

रेंगाखार जंगल थाना क्षेत्र के लोहारीडीह अग्नि तथा हत्याकाण्ड के पीड़ितों को कहीं से कोई न्याय नहीं मिलता दिखाई दे रहा है। कार्यवाही और न्याय के नाम पर अभी तक जो कुछ किया गया है उससे न तो पीड़ित परिवार संतुष्ट नजर आ रहे हैं और न ही साहू समाज से काफी मान रहा है। देखा जाए तो जिला साहू संघ तथा प्रदेश साहू संघ सहित मृतक के परिजनो ने घटना के बाद शासन-प्रशासन के समक्ष जो मांगे रखी थी उनमें से कोई भी मांग अभी तक पूरी नहीं हुई है। पीड़ित परिवारों के करीब सत्तर से अधिक लोग अभी भी दुर्ग केन्द्रीय जेल तथा जिला जेल कवर्धा में बंद है। इनमें कई लोग निर्दोष भी बताए जा रहे हैं। जिनकी जमानत के आसार भी फिलहाल दूर-दूर तक नजर नहीं आ रहे हैं। ऐसे में पीड़ित परिवार के जो सदस्य बाहर है उन्हें समझ में नहीं आ रहा है कि वे करें तो क्या करें। ऐसी ही पशोपेश में फंसे पीड़ित परिवारों के सदस्यों ने मंगलवार को रायपुर पहुंचकर प्रदेश साहू संघ के जिलाध्यक्ष टहल सिंह साहू से मुलाकात की और उनसे कई विषयों में चर्चा की। वहीं इस संबंध में हरिभूमि से चर्चा करते हुए बताया कि आज उनके पास मृतक प्रशांत साहू, शिवकुमार साहू के परिजनो के साथ ही अन्य गांव व समाज के लोग आए थे। जिनसे कई विषयों पर चर्चा की गई है। प्रदेश अध्यक्ष श्री साहू ने बताया कि उनकी पहली प्राथमिकता है कि कैसे भी हो गांव में शांति बहाली हो और पीड़ित परिवारों का पुर्नवास हो सके। उन्होने बताया कि इसके लिए समाज लगातार प्रयास कर रहा है। उन्होने बताया कि पीड़ित परिवारों को आर्थिक मदद पहुंचाने तथा उनके लिए राशि एकत्र करने भी दो अक्टूबर से प्रदेश साहू संघ अभियान चलाने जा रहा है। इसके अलावा घटना के बाद जो लोग जेल में है उनकी जमानत तथा संघ के द्वारा शासन के समक्ष रखी गई तमाम मांगों को लेकर भी प्रयास किए जा रहे हैं।



### रबेली के स्वयं सेवकों ने चलाया स्वच्छता अभियान, गांव में की साफ-सफाई



**रबेली।** शहीद नरेंद्र शर्मा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रबेली के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों के द्वारा एवं जन भागीदारी के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्यों के संयुक्त तत्वाधान में गांव स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें स्वच्छता शपथ लेकर स्कूल प्रांगण, आंगनवाडी केंद्र में सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया गया। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी जितेन्द्र कुमार राजपूत ने बताया गया कि प्रधानमंत्रीनरेंद्र मोदी के द्वारा 02 अक्टूबर 2014 को महात्मा गांधी की जयंती के शुभ अवसर पर बापू के स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत के सपनो को साकार करने जनभागीदारी से स्वच्छता का अभियान का आगाज किया गया था। जिसके तहत स्वयं को स्वच्छता के प्रति सजग रहना और दूसरे को भी जागरूक करना और स्वच्छता के लिए समय देना, श्रमदान करना, स्वच्छता के इस संकल्प को चरितार्थ करने के लिए लोगों को प्रेरित किया गया। इस कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य कुमार सिंह साहू, जनभागीदारी के अध्यक्ष दिलीप चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष राजेश साहू, सदस्य शिवकुमार साहू, रूपेश झारिया, बबलू जायसवाल, विरेंद्र चंद्रवंशी स्वयं सेवक सूर्य कुमार, पीयूष, गोदावरी, विद्या, प्रियंका, शिवानी के साथ स्कूल स्टाफ व विद्यार्थी उपस्थित थे।

### ईमारती लकड़ी तस्करे मध्यप्रदेश का तस्कर गिरफ्तार, वन विभाग ने की कार्यवाही



**रेगाखार जंगल।** वन विभाग की टीम ने वन परिक्षेत्र रेंगाखार जंगल में एक मध्यप्रदेश के लकड़ी तस्कर को पकड़ा है। विभाग ने आरोपी के पास से 8 नग चिराग 0,050 घन मीटर राष्ट्रीयकृत लकड़ी जप्त की है। आरोपी के विरूद्ध कास्ट चिरान अधिनिमय 1984 के तहत कार्यवाही की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वन परिक्षेत्र रेंगाखर के सर्किल रामपुर परिसर के समीप सोमवार को वन विभाग की टीम में शामिल बीट गार्ड कुंभलाल वर्मा ने सुरक्षा श्रमिकों के साथ जंगल से बीजा प्रजाती की कीमती लकड़ी की तस्करी करते हुए आरोपी पुसू वल्द टिबलू गोंड निवासी ग्राम छपला मध्य प्रदेश को दबोचने में सफलता हांसिल की है। आरोपी के पास से 8 नग चिराग 0,050 घन मीटर कीमती लकड़ी के साथ तस्करी में प्रयुक्त मोटर सायकल क्रमांक एमपी 50 एमएन 5261 को जप्त किया है। आरोपी के विरूद्ध कास्ट चिरान अधिनिमय 1984 के तहत कार्यवाही की गई है।

स्वामी आत्मानंद में सांसद की उपस्थिति में हुआ कार्यक्रम

# छात्राओं को निःशुल्क साइकिल तो शिक्षकों को मिला सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭स. लोहारा

पीएम श्री स्वामी आत्मानंद विद्यालय स. लोहारा में निःशुल्क सरस्वती सायकल योजना के अंतर्गत कक्षा नवमी के 170 छात्राओं को क्षेत्र के सांसद संतोष पाण्डेय के द्वारा सायकल का वितरण किया गया। सांसद ने इस अवसर पर विगत दो वर्षो से शत प्रतिशत परीक्षा फल प्रदान करने हेतु विद्यालय के प्राचार्य मनहरण लाल तुर्केले पीयूष दुबे व अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं को बधाई देते हुए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि शासन द्वारा चलाई जा रही यह योजना गरीब परिवार की बालिकाओं के लिए अत्यंत कल्याणकारी है, दूर–दराज तथा ग्रामीण अंचल की जो बालिकाएं आवागमन की सुविधा के अभाव में उच्च शिक्षा से वंचित रह जाती थी। सांसद ने छात्र-छात्राओं के हित के लिए विद्यालय की मूलभूत सुविधा हेतु शाला प्रांगण में शेड, सायकल स्टैंड व विद्यालय को 10 कंप्यूटर सेट प्रदान करने की घोषणा की। तत्पश्चात दो वर्षों से शत प्रतिशत परीक्षा फल प्रदान करने में अपना योगदान देने वाले स्कूल के शिक्षक पीयूष दुबे तथा अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं का सम्मान प्रशस्ती पत्र देकर किया गया।इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष मिश्रा, शाला विकास एवं प्रबंध समिति के अध्यक्ष दानी प्रकाश मिश्रा, सोहन शिवोपासक मंडल महामंत्री तथा योगेश साहू मंडल महामंत्री, भाजपा के अन्य वरिष्ठ नेतागण उपस्थित थे।

# पिपरिया मंडल में भाजपा का सदस्यता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭पिपरिया

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने पिपरिया मंडल केंद्र के गदहाभांटा गांव में भाजपा सदस्यता अभियान चलाया। ग्रामीणों ने इसमें उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर सैकड़ो की संख्या में ग्रामीणों ने भाजपा की सदस्यता ली। स्थानीय विधायक एवं उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कवर्धा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पिपरिया मंडल के ग्राम गदहाभाटा सदस्यता अभियान में शामिल हुए साथ ही आधा दर्जन से अधिक ग्रामों में जाकर उन्होंने ग्रामीणों को भाजपा का सदस्य बनाया। दो दिवसीय प्रवास पर कबीरधाम जिले पहुंचे विजय शर्मा ने बरदुली,बारदी, गोरखपुर, जिन्दा, दुबहा, मिरमिट्टी में पिपरिया मंडल अध्यक्ष सुनील साहू व भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ सदस्यता अभियान चलाया। ग्रामीणों ने सदस्यता अभियान में गहरी रुचि दिखाई। इस अवसर पर वीरेंद्र साहू, रामसिंह ठाकुर, खेमराज साहू, मनीराम साहू, खिलेश्वर साहू, मेहतरु कश्यप, जगराम साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित थे। इस अवसर पर गांव के अनेक लोगों ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। अभियान के दौरान उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि भाजपा की सदस्यता को लेकर लोग भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प विकसित भारत के निर्माण से जुड़कर गौरवान्वित हो रहे हैं। हम सब सौभाग्यशाली हैं कि हम सब दुनिया के सबसे बड़े राजनीतिक दल भारतीय जनता पार्टी के सदस्य के रूप में यहां सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। उन्होने कहा कि हम पहले से ही सदस्य हैं लेकिन पुनः साधारण सदस्य के रूप में सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। भारत के अंदर केवल भारतीय जनता पार्टी ही कैडर आधारित पार्टी है। यह पार्टी वर्तमान में पूरे देश में अपना सर्वव्यापी और समावेशी स्वरूप बनाने में सफल रही है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सदस्यता महाभियान पार्टी द्वारा चलाया जाने वाला संवाद तथा संपर्क का सबसे बड़ा अभियान है। अभियान के दौरान ही युवाओं को पार्टी की नीतियों से जोड़ा जाता है जिससे नए कार्यकर्ता बनते है। संवाद तथा संपर्क की इस प्रक्रिया में सभी कार्यकर्ताओं को भाजपा की नीतियों के साथ, सरकार की जन कल्याणकारीयोजनाओं तथा कार्यो की भी चर्चा करनी चाहिए। उन्होंने मोर्चा प्रकोष्ठ के कार्यकर्ताओं को अभियान में सक्रियता बढ़ाने के लिए कहा।

